

**एक नजर में**

## शहर में निकली यात्रा, तिरंगा लेकर उमड़ा शहर

**गुना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संचालित हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत शुक्रवार को गुना जिला मुख्यालय पर एक विशाल और भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली गई। राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के अनूठे संदेश के साथ आयोजित इस यात्रा में मुख्य रूप से जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुए। यह भव्य यात्रा शाम 4:30 बजे लक्ष्मीगंज से प्रारंभ हुई। हाथों में तिरंगा लिए जनसैलाब जब शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा, तो पूरा नगर 'भारत माता की जय' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यात्रा का लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, निचला बाजार और सराफा क्षेत्र में स्थानीय नागरिकों तथा व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। मार्ग भ्रमण के बाद यात्रा पशु चिकित्सालय हाट रोड पहुंची, जहां भारत माता की आरती और राष्ट्रगान के साथ इसका गरिमामयी समापन हुआ।

## पैंची के शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**गुना।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत चांचौड़ा की ग्राम पंचायत पैंची के मंडी प्रांगण में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सहभागिता कर आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए और बड़ी संख्या में प्रकरणों का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। पात्र हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए, जिनमें बच्चों को साइकिल, दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल तथा जरूरतमंदों को रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता दी गई।

# मनमानी और धांधली का शिकार हो गया गुना-फतेहगढ़ रोड का निर्माण

## फतेहगढ़ होकर पाड़ोन जाने वाला मुख्य मार्ग बीते एक साल से अटका

**स्थानीय विधायक के आरोपों और कलेक्टर के जांच निर्देशों के बावजूद सुस्त पड़ी है रफ्तार**



**नवभारत न्यूज**

**गुना 14 अगस्त का। दो साल पहले जिस सड़क को लेकर बड़े-बड़े वादे किए गए थे और जिसके चौड़ीकरण से राजस्थान सीमा तक सुगम आवागमन की उम्मीद जगी थी, वह मार्ग आज भ्रष्टाचार, अनियमतताओं और प्रशासनिक उपेक्षा की मिसाल बन चुका है। गुना से फतेहगढ़ होते हुए पाड़ोन जाने वाले इस अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण कार्य बीते एक साल से कछुआ गति से जारी है। समय पर काम पूरा न होने और निर्माण में भारी मनमानी के चलते अब यह सड़क यात्रियों के लिए राहत के बजाय आफत बनती जा रही है।**

सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी मनमानी पर आमादा है और नियम-कायदों को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है। सड़क की मजबूती के लिए बेस तैयार करने के बजाय इसमें लगातार काली मिट्टी भरी जा रही है। विशेष रूप से भिंडरा से रंगपुरा, मंगरोड़ा, बेरखेड़ी और चकलौड़ा जैसी लोकेशनों पर व्यापक पैमाने पर घटिया सामग्री और मिट्टी भरने की शिकायतें आ रही हैं। इससे सड़क के भविष्य और उसकी टिकाऊ क्षमता पर गंभीर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। स्थानीय विधायक ऋषि अग्रवाल ने भी इस निर्माण कार्य में धांधली और घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर खुलकर अपनी आवाज उठाई थी।

**कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, फिर भी सुस्त चाल**

मीडिया की खबरों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुना कलेक्टर ने मामले में कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने और विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद, धरातल पर निर्माण एजेंसी की कार्यशैली में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है, जिससे राहगीर और ग्रामीण खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

**कोपरा की जगह इस्तेमाल हो रही लाल मुरम**

सड़क निर्माण में अनियमितताओं का स्तर इतना बढ़ गया है कि निर्माण एजेंसी सरेआम मनमानी कर रही है। दरअसल, सड़क निर्माण की शर्तों के मुताबिक सड़क का बेस कोपरा से बनना चाहिए। लेकिन फतेहगढ़ मार्ग पर ज्यादातर लाल मुरम का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो इसकी सेहत के लिए बिल्कुल सही नहीं है। ऐसी स्थिति में सड़क बनने के बाद जल्द ही दोबारा जर्जर हो जाएगी और शासन के करोड़ों रुपए उसी मिट्टी में मिल जाएंगे।

**सैकड़ों गांवों का संपर्क बाधित, राजस्थान से जुड़ता है मार्ग**

यह सड़क केवल दो शहरों को जोड़ने वाला जरिया भर नहीं है, बल्कि सैकड़ों ग्रामीण अंचलों की जीवनरेखा है। इसके साथ ही, राजस्थान से गुना जिले को जोड़ने के कारण इस मार्ग पर चौबीसों घंटे छोटे, मध्यम और भारी वाहनों का भारी दबाव रहता है। इसके बावजूद इसके निर्माण में हो रही अत्यधिक देरी से न केवल क्षेत्रीय ग्रामीण परेशान हैं, बल्कि अंतरराज्यीय परिवहन भी लगातार प्रभावित हो रहा है।

**दो साल पहले जगी थी विकास की आस: तब क्या थे हालात?**

यदि दो वर्ष पुराने घटनाक्रम पर नजर डालें, तो बमोरी इलाके में स्थित इस गुना-फतेहगढ़ मार्ग के दिन बदलने की उम्मीद जगी थी। तब 5.5 मीटर चौड़ी इस सड़क को 10 मीटर चौड़ा कर डबल लेन बनाने और दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर के शोल्डर तैयार करने की योजना को मंजूरी मिली थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से केंद्र सरकार ने इस चौड़ीकरण योजना को स्वीकृति दी थी। इसका मुख्य उद्देश्य राजस्थान की ओर से आने-जाने वाले बड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाना था। साथ ही, चंदेरी जाने वाले पर्यटकों और गुना स्थित श्रीराम टेकरी पर स्थापित होने वाली प्रभु श्री राम की 108 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा के दर्शन हेतु आने वाले धार्मिक श्रद्धालुओं को भी सुगम मार्ग उपलब्ध कराना था।

**आस अधूरी, जनता पूछ रही सवाल**

हवाई अड्डे के लिए बजट और कृषि महाविद्यालय जैसी सौगातों के बीच इस सड़क को जिले के विकास का मुख्य आधार माना गया था। लेकिन दो साल बाद आज स्थिति यह है कि कागजों पर मंजूर हुई योजना धरातल पर ठेकेदारों की लापरवाही और घटिया निर्माण की भेंट चढ़ रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन की जांच के बाद इस मार्ग का भाग्य बदलता है या फिर सैकड़ों गांवों के लोग इसी तरह धूल और गड्ढों के बीच सफर करने को मजबूर रहेंगे।




## हल्द्वानी घटना पर माफी मांगें प्रधानमंत्री विरोध में कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

**गुना।** भाजपा की कथित दलित विरोधी एवं भेदभावपूर्ण मानसिकता के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी गुना द्वारा शुक्रवार शाम करीब 7 बजे एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। हाट रोड से शुरू हुआ यह पैदल मार्च शहर के प्रमुख मार्गों निचला बाजार और सदर बाजार से होते हुए बापू पार्क पहुंचा। बापू पार्क पहुंचने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष रजनीश शर्मा (पिंकू) ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण देने के बाद भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा उस स्थान का गंगाजल से शुद्धिकरण किया गया, जो कि बेहद शर्मनाक और असहनीय है। रजनीश शर्मा ने कहा कि दलित वर्ग हमेशा से कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है, लेकिन भाजपा की प्रवृत्ति रही है कि जब भी कोई दलित किसी बड़े पद पर पहुंचता है, तो उसे अपमानित और नीचे गिराने का प्रयास किया जाता है। कांग्रेस पार्टी ने हल्द्वानी की इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में दलित समाज का यह अपमान कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और हर वर्ग को समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए। इसके साथ ही गुना कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पूरे घटनाक्रम पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की पुरजोर मांग की है।

## ओमकार महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान की धूम

**गुना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ओमकार महाविद्यालय में ह्यहर घर तिरंगा अभियान 2026ह्व के तहत देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा नजर आ रहा है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भी विशेष आयोजन किया गया।




अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली और कला प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की दीवारों और सूचना पट्टों को तिरंगे से प्रेरित सुंदर कलाकृतियों से सजाया। ह्यवंदे मातरमह्व के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन कर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। आगे की गतिविधियों में विद्यार्थी तिरंगा यात्रा और मानव श्रृंखला में सहभागिता करेंगे। साथ ही सभी को तिरंगे के साथ अपनी फोटो अभियान की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया गया है।

## जब प्राथमिक विद्यालय खटकिया में शिक्षक बने कलेक्टर!

### 'गुना, गुलाब, गुनिया... और हमारे पास है धनिया, जिसको देखेगी सारी दुनिया'




**नवभारत न्यूज**

**गुना। जब जिले के मुखिया खुद ब्लैकबोर्ड पर चौक थामकर बच्चों के गुरुजी बन जाएं, तो क्लास का माहौल वाकई खास हो जाता है। कुछ ऐसा ही अनोखा और रोचक नजारा चांचौड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खटकिया स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला, जब कलेक्टर अचानक स्कूल के निरीक्षण के दौरान कक्षा 2 के बच्चों को पढ़ाने बैठ गए।**

विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खुद ब्लैकबोर्ड की कमान संभाली और बच्चों को बेहद दिलचस्प अंदाज में 'गुना' शब्द का महत्व समझाया। उन्होंने बोर्ड पर बड़े अक्षरों में 'गुना' लिखा और फिर बच्चों से मुस्कुराते हुए बोले- गुना-गुलाब-गुनिया और हमारे पास है धनिया... जिसको देखेगी सारी दुनिया! कलेक्टर की इस तुकबंदी पर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरे खिल उठे। जब उन्होंने बच्चों से पूछा कि यह वाक्य कैसा लगा, तो मासूमों ने एक सुर में कहा— बहुत अच्छा! इसके बाद कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए बताया कि 'गुना' का मतलब केवल एक शहर का नाम नहीं, बल्कि जीवन में 'कई गुणा' आगे बढ़ना होता है। बातचीत के सिलसिले में जब कलेक्टर ने पूछा-कौन-कौन पढ़ाई करके अपने जिले का नाम रोशन करेगा, हाथ उठाओ? तो लगभग पूरी क्लास ने उत्साह के साथ हाथ खड़े कर दिए। इतना ही नहीं, जब बच्चों से उनके सपनों के बारे में पूछा गया, तो अधिकांश बच्चों ने सेना और पुलिस में जाकर देश सेवा करने की इच्छा जताई। नन्हें बच्चों में देश भक्ति का यह जज्बा देखकर कलेक्टर अभिभूत हो गए और उन्होंने कहा कि यह पूरी क्लास बेहद विशेष है, जिसके मन में देश सेवा का भाव भरा हुआ है। कलेक्टर ने खटकिया स्थित आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। पंचायत भवन के उत्कृष्ट निर्माण कार्य के लिए उन्होंने सरपंच और सचिव की सराहना की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## ग्राफिक्स इंस्टीट्यूट में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**गुना। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ग्राफिक्स इंस्टीट्यूट में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरूकता से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी गुना के सचिव रामवीर सिंह रघुवंशी एवं सेवा भारती गुना के सचिव मनोज रघुवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यार्थियों व शिक्षकों ने माल्यार्पण कर किया।**



संबोधन के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व, देश के गौरवशाली इतिहास और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, जरूरतमंदों की सहायता और सामाजिक सद्भाव भी राष्ट्रसेवा का अहम हिस्सा हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। संस्थान के संचालक कपिल जैन ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रेरणादायी विचार विद्यार्थियों को सकारात्मक दिशा देंगे। कार्यक्रम का समापन 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के जयघोष के साथ हुआ। इसके पश्चात 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत संस्थान के विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।

रैली को रामवीर सिंह रघुवंशी और मनोज रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों ने देशभक्तिपूर्ण नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान कर दिया और आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का संदेश दिया।

## मधुसूदनगढ़ में देशभक्ति के तरानों संग निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**गुना।** मधुसूदनगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति के अनूठे उत्साह के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के भजनों और राष्ट्रगान की गूंज के साथ निकाली गई इस यात्रा में नगर के राष्ट्रभक्तों के साथ-साथ शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी बढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भोपाल रोड स्थित लवकुश मंदिर से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई लटेरी रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में तिरंगे लहराते रहे और 'भारत माता की जय' के उद्घोष से माहौल पूरी तरह राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। इस दौरान सबसे आकर्षण का केंद्र छोटे बच्चों द्वारा सजाया गया भारत माता का दिव्य रथ रहा। यात्रा में शामिल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी में देश के प्रति गजब की उमंग और अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सैकड़ों की तादाद में जनसैलाब की मौजूदगी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। यात्रा के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं।

## 80वां स्वतंत्रता दिवस : लाल परेड ग्राउंड पर आज कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**गुना।** जिले भर में आज आजादी का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस बेहद हर्षोल्लास, आन-बान-शान और गरिमामयी वातावरण में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले भव्य मुख्य समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रातः ठीक 9:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

समारोह की शुरूआत प्रातः 8:55 बजे मुख्य अतिथि के आगमन और वंदे मातरम के सुमधुर गायन के साथ होगी। ध्वजारोहण, सलामी और राष्ट्रगान के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद लाल परेड ग्राउंड पर हर्षा फायर की गूंज और पुलिस बल सहित विभिन्न टुकड़ियों का आकर्षक मार्च पास्ट देखने को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रातः 9:30 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि का उद्बोधन और बधाई संदेश होगा। प्रातः 10:05 बजे से विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को प्रातः 10:35 बजे से पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।


स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाइयां
प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ
प्रीमियम चिल्ड्रन हा.से. स्कूल
सरस्वती विद्या विहार कॉलोनी गुना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाइयां
गांव को साफ-सुधरा रखें, घर में शौचालय बनवाएं आओ बनाएं, अपना म.प्र.
हरि नारायण धाकड, सरपंच — ओमप्रकाश रघुवंशी, सचिव — महाराज सिंह, सहा. सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत शहरोक
जनपद पंचायत आरोन जिला गुना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाइयां
गांव को साफ-सुधरा रखें, घर में शौचालय बनवाएं आओ बनाएं, अपना म.प्र.
सरोज बाई रघुवंशी, सरपंच — देवेन्द्र रघुवंशी, सचिव — जलील खान, सहा. सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत सालय
जनपद पंचायत आरोन जिला गुना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाइयां
गांव को साफ-सुधरा रखें, घर में शौचालय बनवाएं आओ बनाएं, अपना म.प्र.
रामसिंह अहिरवार, सरपंच — नीलम सिंह यादव, सचिव — राजेन्द्र सिंह, सहा. सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत रोरिया
जनपद पंचायत आरोन जिला गुना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिलेवासियों को हार्दिक बधाइयां
गांव को साफ-सुधरा रखें, घर में शौचालय बनवाएं आओ बनाएं, अपना म.प्र.
श्रीमती धौरी बाई, सरपंच — देवीलाल ओझा, सचिव — बृजभान सिंह धाकड, सहा. सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत पहारूआ
जनपद पंचायत आरोन जिला गुना

!!भगवान धनवन्तरी जी!! — !! श्रीमते रामानन्दाय नमः !!
स्वास्थ जीवन उत्तम विचार
श्री स्वामी रामान्दर प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र
प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग एवं अन्य विशेष चिकित्सा
प्राकृतिक तरीकों से जीवन शैली से संबंधित सभी रोगों के उपचार हेतु आधुनिक सुविधाएं जैसे- कोलोन हाइड्रोथेरेपी, एक्यूपंचर, आयुर्वेद चिकित्सा दैनिक योग, शुद्धिकरण क्रिया के साथ-साथ सात्विक आहार एवं शुद्ध वातावरण उपलब्ध है।
हमारी विशेष सुविधाएँ: प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म एवं आयुर्वेद, शुद्धिकरण चिकित्सा, योग एवं विश्राम
उपचार योग्य रोग: पाचन विकार (कब्ज, गैस, एसिडिटी), जोड़ व कमर दर्द (गठिया, साइटिका), श्वसन रोग (दमा, एलर्जी, साइनस), तनाव व अनिद्रा (मानसिक थकान), प्रतिरोधक क्षमता (बढ़ाना व शुद्धिकरण)
राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई
संपर्क करें: श्री राम टेकरी तपोवन, तह चाँचौड़ा, जिला गुना (म.प्र.)
+91-6268361619 +91-9630058064
shriramanandnaturopathy@gmail.com www.ramanandnaturopathy.com

सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनोद लोधा, पार्षद नगरपालिका गुना
नगर अध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा-गुना